भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2362

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2026

सोमवार, 12 श्रावण, 1948 (शक)

भिवंडी में नए कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

2362. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की महाराष्ट्र के भिवंडी में वस्त्र, पावरलूम, भांडागार, संभार और ई-कॉमर्स क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार नए कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कौशल विकास योजनाओं (एसडीएस) के तहत भिवंडी में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं में से कितने लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है; और

(ग) भिवंडी में महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): भारत सरकार के कौशल भारत मिशन (एसआईएम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) महाराष्ट्र के ठाणे जिले (इसके भिवंडी शहर को शामिल करते हुए) सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को विभिन्न स्कीमों, जैसे कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से संचालित शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से कौशलीकरण, पुनः कौशलीकरण और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। कौशल भारत मिशन का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें वस्त्र, वेयर हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों सहित उद्योग-प्रासंगिक कौशल से सुसज्जित करना है।

वर्ष 2021-22 से 30 जून, 2026 तक महाराष्ट्र के ठाणे जिले (भिवंडी शहर सहित) में वस्त्र, वेयर हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों/उप-क्षेत्रों से संबंधित जॉब रोल्स में एमएसडीई की प्रमुख कौशल विकास स्कीमों के अंतर्गत प्रशिक्षित/नियोजित उम्मीदवारों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

स्कीम	**क्षेत्र**	**प्रशिक्षित/नियोजित उम्मीदवार**
पीएमकेवीवाई	लॉजिस्टिक्स	234
एनएपीएस	वस्त्र	2
	वेयर हाउसिंग	69
	लॉजिस्टिक्स	3028
	ई-कॉमर्स	18

वर्ष 2021-22 से 30 जून, 2026 तक महाराष्ट्र के ठाणे जिले (भिवंडी शहर सहित) में एमएसडीई की प्रमुख कौशल विकास स्कीमों के अंतर्गत प्रशिक्षित/नियोजित महिलाओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

स्कीमें	**प्रशिक्षित/नियोजित उम्मीदवार**		
	महिला	**एससी**	**एसटी**
पीएमकेवीवाई	5,893	1,181	263
एनएपीएस	47,233	6,609	4,449
सीटीएस	3,770	2,881	1,993

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय छह अधिसूचित अल्पसंख्यकों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) स्कीम को एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में कार्यान्वित कर रहा है, जो कौशल विकास; अल्पसंख्यक महिलाओं के उद्यमिता एवं नेतृत्व विकास; और स्कूल छोड़ने वाले (ड्रॉपआउट) बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता पर ध्यान केंद्रित करती है। यह स्कीम जनवरी 2025 में शुरू की गई थी। इस स्कीम के अंतर्गत, 59 परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) को कुल 1.47 लाख से अधिक उम्मीदवारों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। आवंटित कुल उम्मीदवारों में से 80,918 का नामांकन किया जा चुका है, जिनमें से 5,216 उम्मीदवार महाराष्ट्र में थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से एमएसडीई ने 'नव्या' (नर्चरिंग एस्पिरेशंस थ्रू वोकेशनल ट्रेनिंग फॉर यंग एडोलेसेंट गर्ल्स) नामक एक संयुक्त पहल की शुरुआत की है। 'नव्या' एक प्रायोगिक पहल है जिसका उद्देश्य 16-18 वर्ष की आयु की किशोरियों को मुख्य रूप से गैर-पारंपरिक जॉब रोलों में व्यावसायिक प्रशिक्षण से सुसज्जित करना है। 'नव्या' पहल के अंतर्गत, देश भर में कुल 1,060 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें महाराष्ट्र राज्य के 92 उम्मीदवार शामिल हैं।

व्यावसायिक प्रशिक्षण और शिक्षुता के अलावा, एमएसडीई के तत्वावधान में राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) और भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) प्रशिक्षण, ऋण उपलब्धता और बाजार पहुंच पर विशेष ध्यान देते हुए उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश भर में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी), उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और उद्यमिता आधारित कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) संचालित करते हैं।

वर्ष 2021-22 से 30 जून 2026 तक देश भर में, महाराष्ट्र राज्य और ठाणे जिले (भिवंडी शहर सहित) में निस्बड के अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

कार्यक्रम का नाम	**भारत**	**महाराष्ट्र**	**ठाणे**
ईएपी	1,41,316	20,361	372
ईडीपी	1,57,967	16,986	372
ईएसडीपी	80,273	5,633	399

*****